# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर

### Day-1 (Inaugural Day)

दिनांक 11 मार्च 2023 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 11 मार्च से 17 मार्च 2023 तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसका विषय "महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम" रखा गया | कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रघुराज परिहार सहायक निदेशक परिक्षेत्र कोटा, मुख्य वक्ता डॉ विवेक कुमार मिश्र, पूर्व जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, कोटा, विशिष्ट अतिथि डॉ रीना मीणा, जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना कोटा, डॉ. संजय भार्गव प्राचार्य, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा, डॉ अशोक कुमार गुप्ता, प्राचार्य राजकीय कला कन्या महाविद्यालय कोटा एवं डॉ वंदना आहूजा, प्राचार्य राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय कोटा  कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया जिसके उपरांत स्वयं सेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई ।इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रघुराज परिहार ने अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से हम स्वयं के साथ-साथ दूसरों का विकास कर सकते हैं। एक स्वयंसेवक के रूप में हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डॉ विवेक मिश्रा पूर्व जिला समन्वयक कोटा राष्ट्रीय सेवा योजना ने अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना यह सिखाती है कि हम देश के लिए सेवा का कार्य कैसे अधिक से अधिक कर सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की सार्थकता तभी संभव होगी जब सभी स्वयंसेवक आगे आएं, आत्म भाव से आत्मानुशासन के द्वारा सेवा कार्य करें एवं आगे कदम बढ़ाएं। आपको यह तय करना होगा कि हमारे महाविद्यालय और समाज को हमारी कहां जरूरत है । राष्ट्रीय सेवा योजना कोई नैतिक मांग पत्र नहीं है बल्कि हमारी साझी सामाजिक जिम्मेदारी हैं। इसके साथ ही उन्होंने सात दिवसीय शिविर के सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात डॉ रीना कुमारी मीणा जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना कोटा ने अपने उद्बोधन में बताया कि  राष्ट्रीय सेवा योजना सबसे बड़ा संगठन है जो राष्ट्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित है जिसके द्वारा हमारे युवा न केवल स्वयं के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं बल्कि एकजुट होकर समाज की सेवा का कार्य करते हैं।  कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने बताया कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ सामाजिक और सहशैक्षणिक क्षमताओं का विकास करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जो सह शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जाती है वे विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और विभिन्न क्षमताओं के निर्माण का कार्य करती हैं। इसीलिए उन्होंने स्वयं सेविकाओं के लिए आह्वान किया कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य है- "मैं नहीं आप" इसी उद्देश्य को लेकर  आप  न केवल महाविद्यालय में बल्कि बल्कि बाहर निकले तो एक श्रेष्ठ चरित्र के रूप में प्रस्तुत हों और समाज का मार्गदर्शन करें। उन्होंने स्वयं सेविकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए आह्वान किया कि इसके लिए आप अपना लक्ष्य निर्धारित करें और क्षमता की पहचान करें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री प्रीति बेरवा ने सात दिवसीय शिविर में होने वाली दैनिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया | कार्यक्रम के अंत में डॉ विकास जांगिड़ कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया









## जेडीबी कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू

कोटा। जेडीबी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से शनिवार को सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू किया। जिसका विषय महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम रखा गया। शिविर 17 मार्च तक चलेगा। मुख्य अतिथि डॉ. रघुराज परिहार सहायक निदेशक परिक्षेत्र कोटा एवं मुख्य वक्ता डॉ. विवेक मिश्र पूर्व जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना कोटा रहे। कार्यक्रम में डॉ. रीना मीणा, डॉ. संजय भार्गव प्राचार्य, डॉ. अशोक गुप्ता व डॉ वंदना आहूजा ने शिरकत की। कार्यक्रम अधिकारी प्रीति बैरवा ने शिविर में होने वाली दैनिक गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में डॉ. विकास जांगिड़ ने आभार जताया।

पत्रिका

Share Text

## एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**कोटा.** जेडीबी कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक परिक्षेत्र कोटा डॉ. रघुराज परिहार, मुख्य वक्ता पूर्व जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. विवेक कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना कोटा डॉ. रीना मीणा, प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव, डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, डॉ. वंदना आहूजा रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने बताया कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ सामाजिक व सहशैक्षणिक क्षमताओं का विकास करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जो सह शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जाती है। ये विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और विभिन्न क्षमताओं के निर्माण का कार्य करती हैं। मुख्य अतिथि डॉ. रघुराज परिहार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हम स्वयं के साथ-साथ दूसरों का विकास कर सकते हैं। अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति बैरवा व डॉ. विकास जांगिड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ई-पेपर

## 12/03/2023

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू



[illegible]

### छात्राओं को विलयन एवं अग्निशमक के उपयोग एवं बनाने की जानकारी दी



[illegible]

## चरित्र का निर्माण करती हैं शैक्षणिक गतिविधियां



**नवज्योति/कोटा।** जेडीबी साइंस कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया।

अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य संजय भार्गव ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम थीम पर शिविर का आगाज किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जो सह शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जाती है ये विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और विभिन्न क्षमताओं के निर्माण का कार्य करती हैं। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा सहायक निदेशक डॉ रघुराज परिहार ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना ऐसा मंच है जिसके माध्यम से हम स्वयं के साथ दूसरों का विकास कर सकते हैं। स्वयंसेवक के रूप में हमें अपने अधिकारों व कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ विवेक कुमार मिश्र ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना सिखाती है कि हम देश के लिए सेवा का कार्य कैसे सकते हैं। विद्यार्थियों को यह तय करना होगा कि महाविद्यालय और समाज को हमारी कहां जरूरत है। विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना की डॉ रीना मीणा ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना सबसे बड़ा संगठन है इसके माध्यम से युवा न केवल स्वयं के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं बल्कि एकजुट होकर समाज की सेवा का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 40 हजार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयां संचालित हैं। इस दौरान जेडीबी आर्ट्स के प्राचार्य डॉ अशोक गुप्ता, जेडीबी कॉमर्स की प्राचार्य डॉ वंदना आहूजा, डॉ प्रीति बैरवा, विकास जांगिड़ मौजूद रहे।

## Day-2

दिनांक 12 मार्च 2023 को महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष कैंप के तहत दूसरे दिन माला फाटक स्थित गोद ली गई कच्ची बस्ती में स्वयंसेविकाओं ने कैंप का कार्य किया गया। इस कैंप में स्वयंसेविकाओ ने बस्ती का भ्रमण कर *अभी नही तो कभी नही* की तर्ज पर कार्य किया। जिसमे स्वयंसेविकाओं द्वारा बस्ती में बसे सभी सहरिया परिवारों का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। कैंप के दौरान छोटे बच्चो के लिए एक खुला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे बस्ती के बच्चो एवं स्वयंसेविकाओं ने हर्षोल्लास के साथ भाग लेकर मौज-मस्ती की। सभी विजेता बच्चों को पैन-पेंसिल, नोट बुक्स, आर्ट्स व क्राफ्ट्स की सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने बस्तिबद्ध परिवार की महिलाओं से बातचीत कर उनके विचार जाने एवं घर से लाई गई अनुपयोगित-उपयोगित गृह सामग्री का वितरण जरूरतमंद बस्ती परिवारों को किया गया।कॉलेज प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने बताया कि रासेयो स्वयंसेविकायें इस बार *एक बस्ती - एक परिवार - एक स्वयंसेविका* की तर्ज पर सामुदायिक सेवा में अच्छा कार्य करने का संदेश देने में प्रयासरत हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सुश्री प्रीति बैरवा, डाॅ. विकास जांगिड़ एवं एनएसएस सहायक श्रीमती रचना भार्गव स्वयंसेविकाओ के साथ रहे।










# सहरिया परिवार का किया सर्वेक्षण, जानी समस्याएं

## जेडीबी कॉलेज की स्वयंसेविकाओं ने बस्ती का किया भ्रमण

नवज्योति/कोटा। जेडीबी साइंस कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा रविवार को माला फाटक स्थित गोद ली गई कच्ची बस्ती में स्वयंसेविकाओं ने कैंप कार्य किया। बस्ती का भ्रमण कर सहरिया परिवारों का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण कर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बस्ती के बच्चों पैन-पेंसिल, नोट बुक्स, आर्ट्स व क्राफ्ट्स की सामग्री वितरित की गई।

स्वयंसेविकाओं ने महिलाओं से बातचीत कर उनके विचार जाने एवं घर से लाई गई गृह सामग्री का वितरण किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने बताया कि स्वयंसेविकाओं ने इस बार एक बस्ती-एक परिवार, एक स्वयंसेविका की तर्ज पर सामुदायिक सेवा में अच्छा कार्य करने का संदेश दिया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रीति बैरवा, डॉ. विकास जागिड़ एवं एनएसएस सहायक रचना भार्गव मौजूद रहे।



# कच्ची बस्ती में स्वयं सेविकाओं ने कैंप किया

**संदेश न्यूज। कोटा.** महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष कैंप के तहत दूसरे दिन माला फाटक स्थित गोद ली गई कच्ची बस्ती में स्वयंसेविकाओं ने कैंप का कार्य गया। इस कैंप में स्वयंसेविकाओं ने बस्ती का भ्रमण कर 'अभी नहीं तो कभी नहीं' की तर्ज पर कार्य किया, जिसमें स्वयंसेविकाओं द्वारा बस्ती में बसे सभी सहरिया परिवारों का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। कैंप के दौरान छोटे बच्चों के लिए एक खुला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बस्ती के बच्चों एवं स्वयंसेविकाओं ने हर्षोल्लास के साथ भाग लेकर मौज-मस्ती की। विजेता बच्चों को पैन-पेंसिल, नोट बुक्स, आर्ट्स व क्राफ्ट्स की सामग्री वितरित की गई।

कॉलेज प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने बताया कि रासेयो स्वयंसेविकायें इस बार एक बस्ती-एक परिवार-एक स्वयंसेविका की तर्ज पर सामुदायिक सेवा में अच्छा कार्य करने का संदेश देने में प्रयासरत हैं।

CMYK

## Day-3

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत आज दिनांक 13.03.2023 को प्रथम सत्र में गोद ली गई बस्ती में स्वयसेविकाओं द्वारा श्रमदान किया गया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं के लिये हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के राष्ट्रीय समन्वयक श्री गणेश अय्यर, कोटा क्षेत्र के संयोजक श्री पुष्पेन्द्र शर्मा एवं संस्थान की प्रशिक्षक श्रीमती लक्ष्मा कालानी एवं सदस्य श्रीमती स्नेहलता साहनी एवं महाविद्यालय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान प्रभारी डॉ. आरती शाह ने स्वयंसेविकाओं को ध्यान की विभिन्न विद्याओं एवं उनका स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले असर के बारे में जानकारी दी। कोटा के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. एम. एल. अग्रवाल ने स्वयंसेविकाओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तापूर्वक बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने ध्यान एवं योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के बारे में बताया।तीसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं के लिये आशुभाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेंटल हेल्थ प्रभारी डॉ जयश्री डावरे, कार्यक्रम अधिकारी सुश्री प्रीती बैरवा एवं डॉ विकास जागिड़ ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

 







ई-पेपर

14/03/2023

स्वयंसेविकाओं ने किया श्रमदान

## Day 4

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा रा.से.यो. के सात दिवसीय शिविर में आज दिनांक 14.03.2023 को प्रथम सत्र में महाविद्यालय में स्वयं सेविकाओं द्वारा सफाई अभियान के तहत श्रमदान किया गया । द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं के स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए जुम्बा सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डी. एस. ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती दिव्या शर्मा द्वारा, अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में आई और छात्राओं को उत्साहित किया कि जीवन शैली जीने का हमारा पहला उद्देश्य फिट रहना होना चाहिए और दैनिक गतिविधियों में इसको शामिल करना अति आवश्यक है. छात्रायें शारिरिक महेनत पूरी करें और पौष्टिक आहार का सेवन करना उन्होंने छात्राओं को म्यूजिक के साथ जुम्बा करवाया जिसमें छात्रायें अति आनंदित हुई। इसके बाद तृतीय सत्र में डॉ विनोद कुमार ने छात्राओं को मानसिक तनाव को कैसे कम किया जाये इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजकल यूवा तनावग्रस्त ज्यादा रहते हैं जिससे उनके दिमाग में नकारात्मक विचार हावी हो जाते हैं। इसलिए छात्राओं को तनाव को दूर करने के लिये ज्यादा से ज्यादा योग ध्यान व शारिरिक मेहनत वाले कार्य करने चाहिये छात्राओं ने कई प्रश्न किये जिसके उतार डॉ विनोद कुमार ने बड़ी सहजता से समझा कर दिये। मुहाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्राये आगामी परीक्षाओं में तनाव रहित रह सकती है।चतुर्थ सत्र में काव्य पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने भरपूर आनंद लिया । कार्यक्रम अधिकारी प्रीति बैरवा, डॉ विकास जांगिड़ और श्रीमती रचना भार्गव ने सभी आगंतुको को धन्यवाद ज्ञापित किया।










जेडीबी कॉलेज में एनएसएस शिविर



जेडीबी साइंस में सिखाया जुम्बा

जीवन का पहला उद्देश्य स्वस्थ रहना



दैनिक भास्कर कोटा 15-03-2023

जेडीबी कॉलेज में एनएसएस की छात्राओं ने सफाई की

कोटा| जेडीबी कॉलेज में एनएसएस शिविर में स्वयं सेविकाओं ने सफाई अभियान के तहत श्रमदान किया। स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए जुम्बा सत्र का आयोजन किया। इसमें डीएम ग्रुप डायरेक्टर दिव्या शर्मा अतिथि रही। डॉ. विनोद कुमार ने छात्राओं को मानसिक तनाव कम करने की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने आभार जताया।

## Day 5

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा रा.से.यो. के सात दिवसीय शिविर में आज दिनांक 15.03.2023 को प्रथम सत्र में महाविद्यालय में स्वयं सेविकाओं द्वारा सफाई अभियान के तहत श्रमदान किया गया। द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं के लिए गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। देश भक्ति व सांस्कृतिक आदि गीत प्रस्तुत किये। तृतीय सत्र में सेल्फ मेकअप वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें माधवी मेकओवर सेंटर कोटा की ब्यूटीशियन सुश्री माधवी ने व्यक्तिगत स्वच्छता, मेकओवर एवं मेकअप टिप्स छात्राओं को दिए। उन्होने छात्राओं को बताया कि. स्वयं और दूसरों का अगर श्रृंगार करना हो तो कैसे करें क्यूँकि आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में समय और धन बहुत कीमती है और दोनो की बचत करना आवश्यक है और इन सभी कामों से स्वयंसेविका घर पर रह कर ही आजीविका अर्जित कर सकती है। चतुर्थ सत्र अध्यात्म विज्ञान सत्संग केन्द्र जोधपुर के गुरुदेव सियाग सिद्धि योगा के शिष्य द्वारा लिया गया। जो जाप व ध्यान पुर आधारित आध्यात्मिक साधना पर आधारित था। इन्होने छात्राओं को बताया कि. ध्यान और योगा के माध्यम से शरीर को निरोगी किया जा सकता है। शरीर की इन्द्रियों से सम्बन्धित जानकारी दी और 15 मिनिट का ध्यान भी करवाया जिसमें छात्राओं को आन्नद की अनुभूति हुई। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्राये आगामी परीक्षाओं में तनाव रहित रह सकती है और श्रृंगार का कोर्स करके धन अर्जित कर सकती हैं।कार्यक्रम अधिकारी सुश्री प्रीति बैरवा, डॉ. विकास जांगिड़ और श्रीमती रचना भार्गव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।



छात्राओं को सिखाए ब्यूटीशियन बनने के गुर

जेडीबी कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम







## Day 6

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा रा.से.यो. के सात दिवसीय शिविर में आज दिनांक 16.03.2023 को प्रथम सत्र में महाविद्यालय में स्वयं सेविकाओं द्वारा सफाई अभियान के तहत श्रमदान किया गया। द्वितीय सत्र में पथिक लोक सेवा समिति कोटा के द्वारा व्यख्यान दिया गया जिसमे स्वयं सेविकाओं को बताया गया की वन कई जीवों के रहने की जगह है। वे हमारे लिए प्रकृति का एक अनूठा आशीर्वाद हैं। वे हमें कई आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हैं जिनमें वायु, लकड़ी, आश्रय, छाया और तमाम वस्तुएं शामिल हैं। इस समिति के द्वारा चीता संगरक्षण मुहीम भी चलाई जा रही है| तृतीय सत्र में स्वयं सेविकाओं के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। स्वयं सेविकाओं द्वारा देश भक्ति, सांस्कृतिक आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किये गए। इसमें प्रथम स्थान पर श्वेता कँवर, द्वितय स्थान पर तनिष्का और तृतीय स्थान पर माहीन परवीन रही।









## Day 7

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में आज दिनांक 17 मार्च 2023 को एनएसएस इकाइयों के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ मीनू माहेश्वरी सह आचार्य कोटा विश्वविद्यालय ,कोटा मुख्य वक्ता श्री यज्ञदत्त हाडा, क्षेत्रीय प्रभारी स्काउट एवं रेंजर ,विशिष्ट अतिथि डॉ रीना मीणा, एनएसएस समन्वय कोटा तथा कार्यवाहक प्राचार्य डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र रहे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी स्वयं सेविकाओंने मिलकर महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तृतीय सत्र में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिता की विजेता स्वयं सेविकाओं को पुरस्कार प्रदान किया गए एवं प्रत्येक इकाई से एक उत्कृष्ट स्वयं सेविका का पुरस्कार प्रदान किया गया । यज्ञदत्त हाडा जी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा करने के लिए उत्साहित किया और छात्राओं को एनएसएस से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा की स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास होता है । छात्राओ को बताया की यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों को एनएसएस को क्रेडिट के साथ एक वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू करने के लिए एक एडवाजरी जारी की है। एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा किए अच्छे कार्यों के लिए मंत्रालय उन्हें पुरूस्कृत भी करता है। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर वार्षिक एनएसएस पुरस्कार दिए जाते हैं जिसमें एनएसएस स्वयंसेवियों को गणतंत्र दिवस परेड, अंतर्राष्ट्रीय युवा शिविर, साहसिक कैंप आदि में भाग लेने का अवसर दिया जाता है।आगे के क्रम में स्वयं सेविकाओं ने सात दिवसीय शिविर शिविर में उनका क्या एक्सपीरियंस रहा वह सभी के साथ साझा किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने विजेता छात्राओं को बधाई दी। अंत में एनएसएस प्रभारी सुश्री प्रीति बेरवा तथा एनएसएस सहायक रचना भार्गव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।







Programme officer
NSS Unit-I
Ms. Preeti Bairwa

SANJAY BHARGAVA
Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.05.17 16:56:07 +05'30'